प्रेषक,

शरद सक्सेना,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-14 **लखनऊः दिनांकः 07 मार्च, 2026**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3054 वी0आई0पी0 विजिट के कार्यो हेतु व्यवस्था योजनान्तर्गत कतिपय जनपदों के 07 वी0आई0पी0 विजिट कार्य के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-आई/384572/2025, दिनांक 18.12.2025, पत्रांक-आई/360337/2025, दिनांक 28.11.2025, पत्रांक-आई/237928/2025, दिनांक 13.08.2025, पत्रांक-आई/420246/2025, दिनांक 14.01.2026, पत्रांक-आई/188608/2025, दिनांक 20.06.2025, पत्रांक-आई/431308/2025, दिनांक 22.01.2026 एवं पत्रांक-आई/445670/2025, दिनांक 02.02.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वी0आई0पी0 विजिट के कार्यो हेतु व्यवस्था योजनान्तर्गत अधोलिखित तालिका में अंकित 07 कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल रू0 618.06 लाख (रू0 छः करोड़ अट्ठारह लाख छः हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

गया है:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	कुल लागत
1	नि0ख0-3, गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार के दिनांक 09.07.2025 को चिलुआताल (एस0यू0आर0एल0) गोरखपुर में एक पेड़ माँ के नाम -2.0 महाभियान (वृहद वृक्षारोपण) कार्यक्रम एवं जनसभा सम्बोधन हेतु पहुंच मार्ग, वैरिकेडिंग, जर्मन हैंगर टेंट, पकोडा, मंच, स्विज काटेज, साज-सज्जा एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य।	91.43
2	प्रा0ख0 सोन भद्र	मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन का दिनांक 16.01.2025 को जनपद सोनभद्र में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुदृढ़ त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षित हेलीपैड, मजबूत मंच का निर्माण एवं कार्यक्रम स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग कराये जाने का कार्य	85.86
3	प्रा0ख0, बहराइच	दिनांक 20.03.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के जनपद बहराइच के तहसील मुख्यालय मिंहींपुरवा (मोतीपुर) के उद्घाटन हेतु जर्मन हैंगर, नार्मल पण्डाल, विद्युत, फ्लावर डेकोरेशन, ध्वनि यन्त्र, स्विस काटेज, मोजा बैरिकेटिंग व	95.88

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

		अन्य विविध कार्य	
4	प्रा0ख0, सहारनपुर	माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के दिनांक 08.09.2025 को जनपद सहारनपुर आगमन पर सुरक्षा बैरीकेडिंग, मंच, स्विस कॉटेज, मौसम अनुरूप पण्डाल एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अन्य आवश्यक कार्य	85.76
5	नि0ख0 (भवन), बरेली	मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के दिनांक 01.04.2025 को जनपद बरेली के अटल आवासीय विद्यालय नवाबगंज , बरेली में मंच स्विस काटिज, जर्मन पंडाल लाइट साउन्ड आदि कार्य।	99.22
6	नि0ख0-1, बहराइच	दिनांक 27.09.2025 को मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के जनपद बहराइच के ग्रामसभा मंझारा तौकली विधानसभा कैसरगंज में आगमन पर हेलीपैड का निर्माण, सुरक्षा बैरीकेडिंग, मंच, स्विस कॉटेज, मौसम अनुरूप पंडाल एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अन्य आवश्यक कार्य	67.13
7	प्रा0ख0, गाजीपुर	मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के दिनांक 11.10.2025 को जनपद गाजीपुर में जखनियाँ ब्लाक के अन्तर्गत हथियाराम मठ, श्री महन्त रमाश्रय दास पी0जी0 काजेज, भुडकुड़ा मठ, एवं भुडकुड़ा मठ, भुडकुड़ा आगमन हेतु मंच, पण्डाल एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य	92.78
		योग	**618.06**

<u>नियम व शर्तें:-</u>

(1) उक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि मुख्यालय, लो0नि0वि0 द्वारा की गयी मांग/सूचना के आधार स्वीकृत की जा रही है। यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों/मांग में कोई विसंगति भविष्य में प्रकाश में आती है अथवा पाया जाता है कि प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या तथ्य छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है, तो सम्बन्धित अभियन्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही नियमानुसार धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

(2) मुख्यालय द्वारा उक्त बिलों का स्वस्तर से नियम व शर्तों के आलोक में परीक्षण करते हुए संस्तुत धनराशि का भुगतान किया जायेगा। इस आशय का प्रमाण पत्र भी संबंधित फर्म/इकाई से अवश्य प्राप्त कर लिया जाए। यदि आवश्यक हो तो बिलों का प्री-ऑडिट कराकर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि बिल वास्तविकता के आधार पर भुगतान योग्य है। यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे राजकोष में समर्पित किया जायेगा।

(3) मुख्यालय प्रयोग की गयी सामग्री/ कार्यों के मानकों के सम्बन्ध में सुनिश्चित हो लेंगे।

(4) मुख्यालय समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए भुगतान की स्वीकृति प्रदान किये जाने से पूर्व औचित्य का स्वस्तर पर परीक्षण कर लेंगे तथा प्रकरण में सुसंगत वित्तीय नियमों एवं शासनादेशों के अनुरूप धनराशि के उपयोग का सम्पूर्ण दायित्व मुख्यालय का होगा।

(5) मुख्यालय द्वारा प्रश्नगत प्रकरण हेतु प्रस्तावित धनराशि को आहरित करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त प्रायोजन/कार्यों हेतु पूर्व में किसी प्रकार की धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी हो।

(6) मुख्यालय प्रश्नगत बिलों की पूर्व में दी गयी सहमति से मिलान करना सुनिश्चित करेगें, जिससे कि बिलों के भुगतान में द्विरावृत्ति न हो।

(7) किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता / ऑडिट प्रस्तर के संबंध में मुख्यालय स्वयं उत्तरदायी होगें।

(8) मुख्यालय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

(9) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(10) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी मुख्यालय की होगी।

(11) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(12) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(13) मुख्यालय विभागीय व्यय वित्त समिति द्वारा लगायी गयी शर्तों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(14) अधिष्ठान व्यय/सेन्टेज चार्ज की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त (लेखा) अनु02 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-74(4)/75/2011 दिनांक 25 जनवरी 2011 के साथ पठित शासनादेश संख्या-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75 दिनांक 11 नवम्बर 2014 के अनुसार लोक निर्माण विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्ष में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट करके मुख्यालय द्वारा जमा की जायेगी।

(15) मुख्यालय द्वारा आगणन में सम्मिलित जी0एस0टी0 की धनराशि वास्तविक रूप से जितनी देय होगी उतनी ही भुगतान की जायेगी, प्रस्तावित आगणन उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

(16) मुख्यालय द्वारा प्रायोजना पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जाय।

(17) मुख्यालय द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(18) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व मुख्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(19) मुख्यालय द्वारा वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 6,18,06,000 (रुपये छह करोड़ अठारह लाख छह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 058 **लेखा शीर्षक** 3054808000800 वी.आई.पी. विजिट के कार्यों हेतु व्यवस्था **मानक मद** 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय
शरद सक्सेना
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निजी सचिव, मा० मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ०प्र० शासन।

2- निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ०प्र० शासन।

3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।

4- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।

6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

7- संयुक्त सचिव/नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

8- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

10- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।

11- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु०-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु०-1, उ०प्र० शासन।

13- राज्य योजना आयोग-1/2, उ०प्र० शासन।

14- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

15- लोक निर्माण अनुभाग-10, उ0प्र0 शासन।

16- गृह (पुलिस) अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन।

17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
शरद सक्सेना
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।